Seventeenth Loksabha

an style='mso-tab-count:1'>

Title: Need to address the problem of land depression and land erosion caused by Brahmaputra river flood in Guwahati Parliamentary Constituency, Assam-laid

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): मेरे संसदीय क्षेत्र गुवाहाटी में प्रसिद्ध ब्रह्मपुत्र नदी में प्रत्येक वर्ष वर्षा से आने वाली बाढ़ के कारण आसपास में रहने वाले जनजीवन भूमि कटाव के कारण बहुत प्रभावित हो रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से गुवाहाटी से चन्द्रपुर, सनसली, खारधुली व पश्चिम गुवाहाटी ग्रामीण क्षेत्र और पसबरी, शीयोगांव, बोकू में ब्रह्मपुत्र नदी के आस पास के गांव में रहने वाले लोगों के घर, पशु सहित जानमाल की क्षति होती है। वर्तमान में बाढ़ के कारण उत्पन्न भूमि धसान व कटाव ने एक बहुत ही गंभीर रूप ले लिया है।

अतः मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की निरंतर मांग को देखते हुए शीघ्र ही केन्द्र सरकार को निर्देशित कर एक उच्च स्तरीय तकनीकी टीम का गठन कर बाढ़ के कारण हो रहे भूमि धसान व कटाव को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं जिससे यहां पर रहने वाले सभी नागरिकों को राहत मिल सके।